प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।
प्रसारण तिथि : 18.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रांतीय रक्षक दल जवानों के लिये 5 लाख रुपये तक की कैशलैस चिकित्सा सुविधा का किया शुभारंभ : 6 सौ रुपये प्रतिदिन किया ड्यूटी भत्ता।
- उत्तर प्रदेश जापान निवेश सम्मेलन आज से हुआ शुरू : 2 सौ से ज्यादा जापानी उद्योगपतियों के साथ बनेगी निवेश की रूपरेखा।
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा : वाराणसी के छोटेलाल यादव को द्रोणाचार्य, गाजीपुर के राजकुमार पाल, मेरठ की प्रियंका गोस्वामी और बागपत के अखिल श्योराण को मिलेगा अर्जुन पुरस्कार।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये अगले दो दिनों तक भारी बारिश का जारी किया अलर्ट।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में पीआरडी जवानों को सपरिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने का ऐलान किया। श्री योगी ने प्रांतीय रक्षक दल के सम्मेलन में जवानों का दैनिक ड्यूटी भत्ता 6 सौ रुपये करने की घोषणा भी की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लखनऊ में लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुमंजिला पीआरडी बैरक का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाये रखने में और विपरीत परिस्थिति में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने वाले प्रांतीय रक्षक दल के सभी स्वयंसेवकों का सेवाभाव और अनुशासन, प्रदेश की प्रगति तथा सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी के स्वयंसेवकों के लिये प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं का विकास हुआ है।

*अच्छी सरकारें आती हैं तो सबके अच्छे दिन भी लाती है। पहले पुलिस के अधिकारियों और जवानों के लिए भी अच्छी बैरक की सुविधा नहीं हुआ करती थी। प्रदेश के अंदर 56 जनपद ऐसे हैं जिन जनपदों में उस जनपद की सबसे ऊंची बिल्डिंग अगर किसी की होगी तो पुलिस कार्मिकों के बैरक की होगी। होमगार्ड के स्वयंसेवकों के लिए भी अब अच्छी अवस्थापना सुविधाओं का विकास हुआ है। अब प्रांतीय रक्षक दल के लिए भी अब हाई राइज बैरक के निर्माण का कार्य लखनऊ में संपन्न हुआ है।*

पीआरडी जवानों के सम्मेलन में राज्यमंत्री राजनीतिक पेंशन, सैनिक कल्याण और प्रान्तीय रक्षक दल डॉ0 सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि पीआरडी जवान के सैनिक शांति, सुरक्षा और जनसेवा के मजबूत आधार है।

———————

दिल्ली और उत्तर प्रदेश में यूपी, जापान निवेश सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में कल सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भाग लेंगे। पांच दिवसीय इस निवेश सम्मेलन के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य जापानी कंपनियों की व्यावसायिक रुचि को ठोस निवेश प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, संयुक्त परियोजनाओं और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में परिवर्तित करना है। इस सम्मेलन में 200 से अधिक प्रमुख जापानी उद्योगपति मुख्य कार्यकारी अधिकारी व्यावसायिक प्रतिनिधि और नीति निर्माता भाग ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश और जापान प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, विनिर्माण, स्टार्टअप, कौशल विकास, एआई, सेमीकंडक्टर और अन्य क्षेत्रों में नए आयाम तलाशने के लिए एकजुट हो रहे हैं।

———————

गृह विभाग ने श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में पहली गठित विशेष जांच दल एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी है। एसआईटी ने यह रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर पहली एसआईटी का गठन गत 13 जून को राज्य सरकार ने किया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद गठित दूसरी जांच टीम की जांच अभी जारी है।

———————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश का प्रभारी और जगदीश ईश्वरभाई पटेल को सह–प्रभारी बनाया है। श्री तावड़े को प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि उनकी शैली सबको साथ लेकर चलने की है और वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी की योजनाओं को लागू करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

———————

केन्द्रीय वाणिज्य उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज पीलीभीत के जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री दिव्याशा वयोश्री केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन किया । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित यह देश का 109वां पीएम दिव्याशा वयोश्री केन्द्र होगा। जिसमें दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदान किए जायेंगे। उद्घाटन समारोह में 18 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राइसाईकिलों का वितरण किया गया।

———————

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार–2025 की घोषणा कर दी है। बॉक्सिंग कोच छोटे लाल यादव, एथलेटिक्स कोच परवीर सिंह और शूटिंग कोच नेहा नंद कुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया जायेगा। बॉक्सिंग कोच छोटे लाल यादव उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के रहने वाले है। वह पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम के कोच रह चुके हैं।

उधर, महिला बैडमिंटन डबल्स जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद समेत विभिन्न खेलों के 15 अन्य खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वालों में प्रदेश के गाजीपुर जनपद के हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल, बागपत के निशानेबाज अखिल श्योराण और मेरठ की एथलीट प्रियंका गोस्वामी का नाम भी शामिल है। भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी इसायाह अरुमैनायागम को अर्जुन पुरस्कार–लाइफटाइम से सम्मानित किया जाएगा।

——————

प्रदेश सरकार ने राज्य परिवहन निगम में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों के मानदेय में जुलाई से 5 प्रतिशत की वृद्धि की है। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखाकार कम टैली ऑपरेटर और प्रोग्रामर के मानदेय में यह बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों के मानदेय में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि का प्रावधान है। इसके तहत जनवरी में 5 प्रतिशत और जुलाई में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है।

——————

मध्य प्रदेश के भिंड जिले में कल देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के आठ मजदूरों की मौत हो गई जबकि 22 मजदूर घायल हो गए। हादसा नेशनल हाईवे–719 पर गोहद क्षेत्र के छीमका गांव के पास हुआ। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुए उत्तर प्रदेश के मृतक मजदूरों के परिवारों को 2–2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

——————

प्रदेश में राजधानी लखनऊ सहित कई जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य में कई नदियों के जलस्तर बढ़ोत्तरी दर्ज की गई हैं। अमरोहा में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। उधर, वाराणसी में गंगा नदी के लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये एहतियाती कदम उठाये गये हैं। एसीपी अतुल अंजान ने बताया कि गंगा में नवों का संचालन फिलहाल अग्रिम आदेशों तक बंद किया गया है। जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीम अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को सचेत कर रही है। बाइट.....

*गंगा का जल स्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। आज 66.90 मीटर लेवल है और अभी भी 4 सेंटीमीटर पर आवर की रेट से लगातार बढ़ोतरी हो रही है क्योंकि यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु लगातार आ रहे हैं। श्रावण मास भी चल रहा है। उनकी सुरक्षा को देखते हुए प्रिकॉशनरी नाव का संचालन अग्रिम आदेशों तक बंद किया गया है। भविष्य में जैसे ही जल स्तर सामान्य होगा और जो बहाव है की गति सामान्य होगी। आगे के निर्णय लिए जाएंगे। नाविकों को भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ–साथ में पूरे घाटों पर डीप वाटर बैरिकेडिंग की गई है।*